उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्

शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आई0आर0डी0टी0), अपर आमवाला देहरादून

संयुक्त प्रवेश परीक्षा पालीटेकनिक्स–2025

प्रवेश हेतु ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन की सूचना

उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद् रूड़की से सम्बद्ध अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् तथा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया से अनुमोदित प्रदेश के राजकीय/महिला/ग्रामीण/ अनुदानित एवं निजी पालीटेक्निक संस्थाओं में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र 2025–26 में प्रवेश के लिये आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं हेतु अभ्यर्थियों से ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन निम्नानुसार आमंत्रित किये जाते हैं–

पाठ्यक्रम ग्रुप	पाठ्यक्रम का नाम	न्यूनतम शैक्षिक अर्हता
E & T (ग्रुप **T-** केवल महिला अभ्यर्थियों के लिये)	**E**– डिप्लोमा इंजी0 /टेक्नोलाजी **T**–टेक्सटाइल डिजाइन, गारमेन्ट टेक्नोलॉजी, फैशन डिजाइन	हाइस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष परीक्षा।
P	डिप्लोमा इन फार्मेसी	भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान या गणित के साथ 10+2 परीक्षा (विज्ञान शैक्षणिक स्ट्रीम) में उत्तीर्ण। **अथवा,** भारतीय भेषजी परिषद् द्वारा अनुमोदित उपरोक्त परीक्षा के समकक्ष कोई अन्य योग्यता।
A	डिप्लोमा इंजी0 पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश	1. 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण (भौतिकी, रसायन एवं गणित विषय) या 2. 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण (व्यवसायिक/ प्राविधिक विषय उत्तीर्ण) या 3. दो वर्षीय आई0टी0आई0 उत्तीर्ण (ए0आई0सी0टी0ई0 नई दिल्ली द्वारा जारी एप्रुवल प्रोसेस हैण्डबुक (ए0पी0एच0) 2024–25 से 2026–27 में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु दी गयी व्यवस्था के अनुसार)।

उपरोक्त के अतिरिक्त ग्रुप **M** (मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट एण्ड सेक्रेट्रियल प्रेक्टिस), ग्रुप **H** (होटल मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलॉजी), तथा ग्रुप **G** (पी0जी0डी0सी0ए0) पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों को सीधे न्यूनतम शैक्षिक अर्हता के आधार पर मैरिटवार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र परिषद् की वेबसाईट से विवरण पुस्तिका डाउनलोड कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ऑनलाईन आवेदन हेतु निर्देश

प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाइट **www.ubter.in** एवं **www.ubterjeep.co.in** पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक ग्रुप के लिये अलग–अलग आवेदन करना होगा। ऑनलाईन आवेदन **दिनांक 06 जनवरी 2025 से 30 अप्रैल 2025** तक किया जा सकता है। अभ्यर्थी आवेदन शुल्क **Net Banking/Debit Card/Credit Card** के माध्यम से जमा कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने की विस्तृत जानकारी परिषद् की वेबसाइट **www.ubter.in** एवं **www.ubterjeep.co.in** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर शुल्क रसीद एवं पंजीकरण रसीद की प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

ऑफलाईन आवेदन (ओ0एम0आर0) हेतु निर्देश

प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी **दिनांक 20 जनवरी 2025 से दिनांक 15 अप्रैल 2025** के मध्य परिषद् से सम्बद्ध समस्त राजकीय एवं सहायता प्राप्त पालीटेक्निकों से ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र क्रय कर दिनांक 15 अप्रैल 2025 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा स्वयं जमा कर सकते हैं।

नोट–प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व न्यूनतम शैक्षिक अर्हता, अनिवार्य अर्हता, आवेदन शुल्क, परीक्षा कार्यक्रम, आरक्षण एवं निर्धारित पाठ्यक्रम आदि का विस्तृत अध्ययन विवरण पुस्तिका से अवश्य कर लें। अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाईट www.ubter.in अथवा www.ubterjeep.co.in से विवरण पुस्तिका निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रवेश परीक्षा की तिथियों की सूचना समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन एवं वेबसाईट के माध्यम से आवेदन पत्र जमा होने की अन्तिम तिथि के पश्चात घोषित की जायेगी। अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजे जायेंगे। अभ्यर्थियों को एस0एम0एस0 के माध्यम से प्रवेश पत्र की सूचना उपलब्ध करायी जायेगी। अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाईट www.ubter.in अथवा www.ubterjeep.co.in पर पंजीकरण संख्या/ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र संख्या की प्रविष्टि कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

विज्ञापन सं0 941/जीप–2025/प्रवेश सूचना/2024–25 दिनांक – 19/12/2024 **सचिव**